जन संपर्क प्रकोष्ठ

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

एसीएस पीएचईडी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मिली मंजूरी

आमेर के आसपास की 34 ढाणियां जुडेंगी बीसलपुर लाइन से
भिण्डर कस्बे के लिए 29 करोड़ की पुनर्गठित शहरी जल योजना

जयपुर, 18 अगस्त। जयपुर शहर के आमेर के आसपास की 34 ढाणियों के लोगों को अब बीसलपुर का मीठा पानी पीने को मिलेगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा करीब 3 करोड़ 35 लाख खर्च कर इन ढाणियों को बीसलपुर की लाइन से जोडा जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल डॉ. सुबोध अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई राजस्थान वाटर सप्लाई एवं सीवरेज मैनेजमेंट बोर्ड (आरडब्ल्यूएसएसएमबी) की वित्त समिति की बैठक में इसकी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि आमेर परिधि अंतर्गत की कुछ ढाणियां बीसलपुर पेयजल लाइन से जुड़ने से रह गई थी उन ढाणियों को जोड़ने के लिए इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

भिण्डर के लिए 29 करोड़ की शहरी जल योजना को मंजूरी

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि वित्त समिति की बैठक में 28 करोड़ 96 लाख रूपए लागत की भिण्डर कस्बे की पुनर्गठित शहरी जल योजना को भी मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2022—23 में शामिल इस पेयजल योजना के तहत पुरानी एवं जीर्ण—शीर्ण लाइनों को बदलकर नई पाइप लाइनें डाली जाएंगी। इससे पानी के लीकेज में कमी आएगी और अंतिम छोर तक के उपभोक्ताओं को पर्याप्त दबाव से पेयजल आपूर्ति हो सकेगी। इसके अलावा कस्बे के जिन हिस्सों में अभी पाइप लाइन बिछी हुई नहीं है वहां नई पाइप लाइन डालने के कार्य होंगे। इस पुनर्गठित पेयजल योजना में एक नलकूप, 3 उच्च्च जलाशय, एक स्वच्छ जलाशय तथा आरजीएफ फिल्टर प्लांट का निर्माण, कडेचा एवं रातारेला एनीकट से राइजिंग पाइप लाइन बदलना आदि कार्य होंगे। इस योजना से भिण्डर कस्बे में 2054 तक की अभिकल्पित करीब 30 हजार से अधिक की आबादी को सुचारू पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। भिण्डर कस्बे की वर्तमान आबादी करीब 20 हजार है।

रामदेवरा मेले में पेयजल व्यवस्था के लिए 49 लाख

बैठक में जैसलमेर जिले के रामदेवरा में अगस्त के तीसरे सप्ताह से सितम्बर के दूसरे सप्ताह तक चलने वाले रामदेवरा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए 49 लाख रूपए की मंजूरी दी गई। मेले के दौरान टैंकरों एवं नलकूप से पाइप लाइन को जोड़ते हुए नलों के माध्यम से पीने के पानी की भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

————